कान्हा कान्हा बोले भक्तों का जिया

तूने ओ कन्हैया कैसा जादू किया
कान्हा कान्हा बोले भक्तों का जिया
बांसुरी बजा के ये क्या किया... ओ कन्हैया

ओ मेरे भगवन तुम बिन जीवन जैसे बिन प्राणो के हो तन
तेरी माया में तेरी छाया में करता रहूं मैं तेरा सुमिरन
तू ही मेरी बाटी तू ही दिया ओ कन्हैया

राधा ने नचाया मीरा ने बुलाया कर्मा का भोग है खाया
प्रेम के वश में रुका ना कन्हैया झट से तू दौड़ा चला आया
अपना बना के सब दे दिया ओ कन्हैया

दास बना के चरणों से लगा के तूने मुझे जीना सिखाया
तेरे ही नज़ारे देखू में तो सारे तू ही मुझे जग में भाया
अनिल कहें भक्तों पे कर दे दया ओ कन्हैया
तूने ओ कन्हैया कैसा जादू किया ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15034/title/kanha-kanha-bole-bhagto-ka-jiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |